# प्रथम कालांत योगात्मक आकलन 2025-2026
**FIRST TERM SUMMATIVE ASSESSMENT 2025-2026**

## Model Question Paper

**तीसरी भाषा (Third Language)**

**STD. X**

## हिंदी (Hindi)

**Time : 90 Mts**
**Score : 40**

---

**सामान्य निर्देश :**

- पहला पंद्रह मिनट कूल ऑफ़ टाइम है। इस समय प्रश्नों का वाचन करें और उत्तर लिखने की तैयारी करें।
- वैकल्पिक प्रश्नों में से किसी एक का उत्तर लिखें।

---

**सूचना : 'खिड़की' लघुकथा का यह अंश पढ़ें और 1 से 3 तक के प्रश्न के उत्तर लिखें।**

> होशियारपुर से शादी का बुलावा आया था। ट्रेन से जाना तय हुआ। सर्दी हल्की हल्की दस्तक देने लगी थी। इसलिए सोचा– चलो इस बार ए सी के बजाय जनरल कोच से सफ़र का आनंद लिया जाए।

1. इस लघुकथा का पुरुष पात्र परिवार के साथ कहाँ जा रहा है? 1

   क) दिल्ली
   ख) मुंबई
   ग) कश्मीर
   घ) होशियारपुर

2. इस परिवार ने जनरल कोच से यात्रा करने का निश्चय क्यों किया? 2

3. इस ट्रेन यात्रा का अनुभव बताते हुए मित्र के नाम पुरुष पात्र का **पत्र** तैयार करें। 4

अथवा

ट्रेन यात्रा के अनुभवों का ज़िक्र करते हुए पुरुष पात्र की **डायरी** लिखें।

**सूचना : 'रैन बसेरे में...' यात्रावृत्त का यह अंश पढ़ें, प्रश्न 4 और 5 के उत्तर लिखें।**

> अंत में दो-तीन किताबें निकालीं। किताबें उसने खोलकर देखीं, फिर ज्यों की त्यों वापस रख दीं। हमारी ओर मुड़कर छोटू से बोला, "वॉट इज युअर नेम?" छोटू ने सहमते हुए कहा, "मुझे अंग्रेज़ी नहीं आती।" मुझसे पूछा, "तुम क्या करते हो?" मैंने कहा, "मैं शिक्षक था, बच्चों को पढ़ाता था, अब रिटायर हो गया हूँ।"

4. इनमें पूर्ण रूप से सही विकल्प कौन-सा है? 3

| | |
|---|---|
| च) ग्रामीण ने | त) खाने के लिए गाकड़ बनाया। |
| छ) पागल आदमी ने | थ) गुरुओं का अपमान किया। |
| ज) लेखक के साथी छोटू ने | द) मंदिर का दरवाज़ा खोल दिया। |
| | ध) लेखक के हाथ में सिक्का रख दिया। |

| क | ख | ग | घ |
|---|---|---|---|
| च - ध<br>छ - थ<br>ज - त | च - द<br>छ - ध<br>ज - त | च - द<br>छ - थ<br>ज - त | च - थ<br>छ - त<br>ज - ध |

5. यात्रावृत्त के इस अंश के आधार पर **पटकथा** का एक दृश्य लिखें। 4

**सूचना : 'मेरी दुनिया के तमाम बच्चे' कविता की ये पंक्तियाँ पढ़ें, प्रश्न 6 और 7 के उत्तर लिखें।**

एक दिन मेरी दुनिया के तमाम बच्चे
चींटियों, कीटों
नदियों, पहाड़ों, समुद्रों
और तमाम वनस्पतियों के साथ
मिलकर धावा बोलेंगे
और तुम्हारी बनाई हर चीज़ को
खिलौना बना देंगे।

6. 'और तुम्हारी बनाई हर चीज़ को / खिलौना बना देंगे।' –इन पंक्तियों से कवि क्या कहना चाहते हैं? 2

7. कवि का परिचय देते हुए कवितांश का **आशय** लिखें। 4

**सूचना : 'रैन बसेरे में...' यात्रावृत्त का यह अंश पढ़ें, प्रश्न 8 और 9 के उत्तर लिखें।**

उसके सवाल बेसिर-पैर के थे। जवाब न देते तो चाबुक से मारने की धमकी देता। इसलिए मैं कोई न कोई जवाब देता रहा। वह लगातार चीखता-चिल्लाता रहा। बीच-बीच में हवा में ऐसे हाथ घुमाता, मानो हाथ में कोड़ा हो।

**8. इन वाक्यों के रेखांकित सर्वनाम 'मैं' और 'वह' किस-किसके बदले प्रयुक्त हैं? 2**

- इसलिए **मैं** कोई न कोई जवाब देता रहा।
- **वह** लगातार चीखता-चिल्लाता रहा।

- मैं : ....................................
- वह : ....................................

9. वाक्य विस्तार करें। 3

(चाबुक से, पागल, मारने की)

आदमी धमकी देता है।

...............................................

................................................................

....................................................................................

**सूचना : हाइकु पढ़ें, प्रश्न 10 और 11 के उत्तर लिखें।**

पिता ने ढूँढ़ीं
लाठियाँ बुढ़ापे की
दीखती नहीं

10. 'बुढ़ापा' –का समानार्थी शब्द कौन-सा है? 1

(क) बचपन (ख) वृद्धावस्था

(ग) यौवन (घ) शैशव

11. इस हाइकु का समान आशय किस वाक्य में निहित है? 2

क) पिता ने शैशव में बच्चों को बहुत प्यार किया।

ख) बचपन में पिता से बच्चों को प्यार नहीं मिला।

ग) वृद्धावस्था में घरवालों ने पिता के साथ प्यार भरा व्यवहार किया।

घ) वृद्धावस्था में पिता को सहारा नहीं मिला।

**सूचना : 'व्हाइट कैप' कहानी का यह अंश पढ़ें और 12 से 14 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

बेचारा केशव दिन को रुआँसा पड़ा रहता, मगर रात को सपने में वह अपने को अक्सर क्रिकेट खेलता देखा करता। उसके हाथों में नया बल्ला और सिर पर झक व्हाइट कैप होती। टाँगों पर शानदार मोटे पैड कसे होते।

12. केशव कौन-सा स्वप्न देखा करता था? 1

(क) क्रिकेट खेलने का

(ख) फुटबॉल खेलने का

(ग) गोली खेलने का

(घ) हॉकी खेलने का

13. केशव दिन को रुआँसा पड़ा रहता। क्यों? 2

14. केशव पिता से बल्ला और बॉल माँगता है। केशव और पिता के बीच की संभावित **बातचीत** लिखें। 4

**अथवा**

केशव को लड़कों ने खेल में शामिल नहीं किया। इसपर केशव और मित्र के बीच की **बातचीत** कल्पना करके लिखें।

**सूचना : नीचे दिए खंड पढ़ें, प्रश्न 15 और 16 के उत्तर लिखें।**

इतिहास, संस्कृति और आधुनिकता का एक अद्भुत संगम है दिल्ली। लाल किला, कुतुब मीनार, इंडिया गेट, जंतर मंतर आदि यहाँ के शानदार पर्यटक स्थान हैं। राजघाट महात्मा गांधी की समाधि स्थान है। लाल किले का लाइट एंड साउंड शो भारत के इतिहास को जीवंत करता है। दिल्ली के बीचों-बीच स्थित इंडिया गेट एक युद्ध स्मारक है। राष्ट्रीय संग्रहालय भारत के सबसे बड़े संग्रहालयों में से एक है। ताजमहल यहाँ से लगभग दो सौ किलोमीटर दूर आगरा में यमुना के किनारे पर स्थित है, जो अनश्वर प्रेम का प्रतीक है। राष्ट्रपति भवन के भीतर स्थित मुगल गार्डन(अमृत उद्यान) सुंदर फूलों की किस्मों और मुगल-शैली की वास्तुकला के लिए मशहूर है।

15. ताजमहल किस नदी के किनारे पर स्थित है? 1

(क) गंगा नदी के (ख) कावेरी नदी के

(ग) पंपा नदी के (घ) यमुना नदी के

16. मीनू अपनी माँ-बाप के साथ दिल्ली देखने गई। उपरोक्त खंड की सहायता से मीनू के **यात्रावृत्त का अंश** तैयार करें। 4

**अथवा**

नमूने के अनुसार खंभे की पूर्ति करें।

| | |
|---|---|
| • यहाँ का लाइट एंड साउंड शो आकर्षक है। | लाल किला |
| • यह युद्ध में शहीद हुए सैनिकों का स्मारक है। | .................. |
| • यह अनश्वर प्रेम का प्रतीक है। | .................. |
| • भारते के सबसे बड़े संग्रहालयों में एक है। | .................. |
| • राष्ट्रपति भवन का उद्यान है। | .................. |